खबर संक्षेप

## शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने पर आरोपित गिरफ्तार

**कटनी।** शादी का झांसा देकर एक युवती के साथ शारीरिक संबंध बनाने और बाद में वादे से मुकरने पर पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज होने के कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी को सलाखों के पीछे पहुँचा दिया। 07.02.2026 को पीड़िता ने महिला थाना कटनी में उपस्थित होकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पीड़िता के अनुसार अजय निषाद ने उसे शादी का झांसा देकर कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। जब पीड़िता ने शादी का दबाव बनाया तो आरोपी ने विवाह करने से साफ इंकार कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर सुसंगत धाराओं के तहत अपराध पंजीबद्ध कर तत्काल विवेचना शुरू की। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. संतोष कुमार डेहरिया के मार्गदर्शन में आरोपी की तलाश हेतु एक विशेष टीम गठित की गई। महिला थाना प्रभारी वर्षा सोनकर के नेतृत्व में टीम ने घेराबंदी कर आरोपी अजय निषाद 27 वर्ष को महज कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की गिरफ्तारी में वर्षा सोनकर महिला थाना प्रभारी, उप निरीक्षक मानसिंह मार्को, सहायक उप निरीक्षक सुनील वर्मा , प्रधान आरक्षक सुनीता सिंह, आरक्षक सोमनाथ कुर्मी की भूमिका रही।

## अलग अलग स्थानों से देशी शराब एवं बीयर जब्त

**कटनी।** शराब की अवैध बिक्री करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए पुलिस ने बड़ी मात्रा में शराब जब्त की है। माधवनगर, स्लीमनाबाद और बरही पुलिस ने दबिश देकर बड़ी मात्रा में अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने देशी शराब सहित हाथ भट्ठी से बनी कच्ची शराब बरामद की है। जानकारी के अनुसार माधवनगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम भिटौनी खेर मोहल्ला में पुलिस ने घेराबंदी कर नरेन्द्र लुनिया 32 वर्ष को पकड़ा। आरोपित के कब्जे से 15 लीटर हाथ भट्ठी की बनी कच्ची महुआ शराब बरामद की गई है जिसकी अनुमानित कीमत करीब 2500 रुपये बताई जा रही है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत प्रकरण दर्ज किया है। इसी तरह स्लीमनाबाद पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम चरगवां स्थित आम के बगीचे के पास दबिश दी। यहाँ से पुलिस ने दो आरोपियों गोलू पटेल 39 वर्ष निवासी पाली और निर्भय सिंह 50 वर्ष निवासी चरगवां को रंगे हाथों पकड़ा। इनके पास से 22 पाव देशी मसाला शराब जब्त की गई है। पुलिस ने आरोपियों पर धारा 34(1) और 42 आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं बरही पुलिस ने पिपरिया स्थित झिरिया नर्सरी तालाब के पास दबिश देकर रविन्द्र कुमार सोनकर 55 वर्ष को गिरफ्तार किया। आरोपी के पास से पुलिस ने 45 पाव देशी प्लेन शराब, 46 पाव देशी लाल मसाला शराब, 15 नग अंग्रेजी बीयर (पावर केन) कुल शराब 91 पाव और 15 बीयर केन कुल कीमत 10,450 शामिल है।

## युवक पर चाकू से हमला

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत आजाद चौक में एक युवक पर चाकू से हमला किया गया। व्यस्ततम इलाके में दिनदहाड़े हुई इस घटना में कई युवकों ने मिलकर पीड़ित पर हमला किया जिससे उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। पीड़ित की पहचान भट्टा मोहल्ला निवासी शुभांशु तिवारी 23 साल के रूप में हुई है। शुभांशु अपने निजी काम से आजाद चौक स्थित पटाखे की दुकान के पास खड़े था तभी अनमोल नामक युवक अपने 10-15 साथियों के साथ वहां पहुंचा और चाकूबाजी की घटना कारित की। घायल शुभांशु को तुरंत जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। शुभांशु ने बताया कि हमलावरों से उनकी कोई पुरानी रंजिश या विवाद नहीं था। उन्होंने कहा कि वे वहां खड़े थे, तभी अनमोल और उसके साथियों ने उन्हें घेर लिया और अचानक चाकू से हमला कर दिया।

### कुठला थाना क्षेत्र में हुआ हादसा, बस पलटते ही यात्रियों की मची चीख पुकार

# यात्रियों से भरी बस अनियंत्रित होकर पलटी कई गंभीर, ड्राइवर के नशे में होने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कुठला थाना अंतर्गत बड़खेड़ा–बिलहरी कनकी ग्राम मार्ग पर रविवार शाम एक निजी यात्री बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई। हादसे में दर्जनों यात्री घायल हो गए, जिनमें कई की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल बन गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बस काफी देर से तेज रफ्तार में चलाई जा रही थी और ड्राइवर बार-बार संतुलन खो रहा था। यात्रियों का आरोप है कि ड्राइवर नशे में था और बस पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा था। यात्रियों द्वारा कई बार टोके जाने के बावजूद उसने लापरवाही से वाहन चलाना जारी रखा, जिसके चलते यह हादसा हुआ। बस के अनियंत्रित होकर पलटते ही मौके पर अफरा-तफरी और यात्रियों की चीख पुकार मच गई। बस सड़क किनारे पलटी पड़ी थी और कई यात्री उसके अंदर फंसे हुए थे। राहगीरों एवं ग्रामीण ने तत्परता के साथ बस के शीशे तोड़कर यात्रियों को बाहर निकाला।



घायलों को निजी वाहनों और एंबुलेंस की मदद से नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया

जबकि गंभीर रूप से घायल यात्रियों को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया। पुलिस ने बस को सड़क से हटवाकर यातायात बहाल कराया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में ड्राइवर के नशे में होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस ने ड्राइवर को हिरासत में लेकर मेडिकल जांच के लिए भेज दिया है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### व्हाइट सीमेंट लोड ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा, सड़क पर बिखरी बोरियां, आवागमन बाधित

राष्ट्रीय राजमार्ग 43 पर बड़वारा थाना क्षेत्र में जगतपुर उमरिया बाईपास के समीप रविवार दोपहर व्हाइट सीमेंट (पुट्टी) से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। जानकारी के अनुसार ट्रक क्रमांक HR 62 A 5126 गुजरात से बिरला व्हाइट सीमेंट पुट्टी लेकर आ रहा था। यह ट्रक बड़वारा थाना क्षेत्र के झरेला ग्राम स्थित बिरला व्हाइट सीमेंट प्लांट की ओर जा रहा था। दोपहर में जगतपुर उमरिया बाईपास के पास पहुंचते ही चालक ने वाहन से नियंत्रण खो दिया और ट्रक सड़क पर पलट गया। ट्रक पलटने से सीमेंट की बोरियां सड़क पर बिखर गईं। वाहन चालक अजय कुमार ने बताया कि ट्रक सामान्य गति से चल रहा था, तभी अचानक वाहन में एक तकनीकी खराबी महसूस हुई। इस झटके के कारण स्टेयरिंग पर नियंत्रण नहीं रह सका और भारी वाहन असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुछ समय के लिए वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात बाधित हो गया।



## आदतन अपराधी के विरूद्ध की जिला बदर की कार्यवाही

### दो माह की अवधि के लिए किया जिले की राजस्व सीमाओं से निष्कासित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी आशीष तिवारी ने गायत्री नगर श्याम सिंह गली कटनी थाना कोतवाली निवासी नमन बघेल पिता नीरज बघेल उम्र 25 वर्ष के विरुद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए 24 घंटे के भीतर आगामी दो माह की अवधि के लिए जिले की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने का आदेश पारित किया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने जिला बदर की यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर किया है।

नमन बघेल के विरूद्ध वर्ष 2016 ये अब तक थाना कोतवाली में 9, थाना कुठला में 1, थाना एनकेजे में 1 और थाना माधवनगर में 1 सहित कुल 12 अपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध है। जिनमें आमजन के साथ गाली-गलौज करना, अवैध वसूली करना, मारपीट करना, जान से मारने की धमकी देना, तोड़-फोड़ कर नुकसान पहंचाना, अनुसूचिज जाति एवं जनजाति वर्ग के व्यक्ति को जातिगत रूप से गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देना, अवैध हथियार कब्जे में रखना, अपना आतंक बनाने के लिये अवैध देशी सुअर मार बम पटक कर जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर प्रकृति के अपराध शामिल है। पुलिस द्वारा नमन के विरूद्ध समय-समय पर वैधानिक एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की गई है फिर भी आदतन अपराधी के आचरण व्यवहार में कोई सुधार नहीं हुआ।

आपराधिक गतिविधियां निरंतर जारी रखने, आम जन के लिए आतंक का पर्याय बनने के कारण क्षेत्र में शांति एवं सार्वजनिक सुरक्षा व्यवस्था पर पड़नें वाले प्रतिकूल प्रभाव को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री तिवारी ने आदतन अपराधी नमन बघेल को 24 घंटे के भीतर कटनी जिले की राजस्व सीमाओं तथा समीपवर्ती जबलपुर, मैहर, दमोह, पन्ना एवं उमरिया जिले की राजस्व सीमाओं से 2 माह की अवधि के लिए बाहर जाने का आदेश पारित किया है।

### जनपद पंचायत में जन सुनवाई का आयोजन कल, लेंगे जायजा

## विजयराघवगढ़ में जनता के बीच पहुंच कर कलेक्टर सुनेंगे लोगों की समस्यायें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर, शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है। इसके लिए कलेक्टर स्वयं विकासखंड मुख्यालय पर पहुंच कर जनसमस्याओं और शिकायतों से रू-ब-रू होंगे और उनके निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देशित करेंगे। कलेक्टर श्री तिवारी मंगलवार 10 फरवरी को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ में आयोजित जनसुनवाई में उपस्थित रहेंगे।

जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम की सबसे बड़ी खासियत यह होगी कि इस अभिनव पहल के प्रणेता एवं सूत्रधार कलेक्टर श्री तिवारी सहित सभी महकमों के जिला अधिकारी, एसडीएम, एसडीओपी और संबंधित तहसील और विकासखंड स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके लिए कलेक्टर श्री तिवारी ने सभी की उपस्थिति के लिए विधिवत निर्देश भी प्रदान किया है।

### योजनाओं के क्रियान्वयन का भी लेंगे जायजा

जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद सभी विभागों के जिला अधिकारी अपने विभाग की संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों के मैदानी क्रियान्वयन का जायजा लेंगे।

कलेक्टर श्री तिवारी ने इस जनसुनवाई कार्यक्रम के आयोजन के लिये संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को समन्वय अधिकारी जबकि अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

कलेक्टर श्री तिवारी ने निर्देशित किया है कि इस जनसुनवाई के साथ-साथ जिला स्तर से चयनित आवेदन, शिकायतों में लोक सेवा गारंटी अधिनियम, सीएमहेल्पलाईन में 50 दिवस से अधिक समय की लंबित आवेदन, शिकायतों का रैंडमली चयन किया जाकर सुनवाई की जावेगी। सभी विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया है कि तय दिवसों में किसी भी स्थिति में समक्ष में अनुमति लिये बिना जनसुनवाई कार्यक्रम से कोई भी जिला अधिकारी अनुपस्थित नहीं रहेंगें।

कलेक्टर श्री तिवारी ने जनसुनवाई में समस्त जिला प्रमुखों, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस), मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत, तहसीलदार, थाना प्रभारी, वन क्षेत्रपाल एवं समस्त विकासखण्ड अधिकारी तथा अन्य को उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं।

### कलेक्ट्रेट कार्यालय में भी होगी जनसुनवाई

कलेक्ट्रेट कार्यालय में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई में अपर कलेक्टर नीलांबर मिश्रा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रह कर लोगों की समस्याएं और शिकायतों को सुनेंगे।

### जनपद अध्यक्ष कप क्रिकेट प्रतियोगिता में देवरी टीम बनी विजेता



पचपेढ़ी के पकरिया खेल मैदान में जनपद अध्यक्ष कप क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मैच देवरी और अतरसूमा टीम के बीच खेला गया। अतरसूमा को 106 रनों से हराकर देवरी की टीम विजेता बनी। इस मौके पर जनपद अध्यक्ष सुनीता संतोष दुबे,पूर्व जिला मंत्री विजय दुबे,मंडल अध्यक्ष आशीष चौरसिया,सरपंच शिवचरण पटेल, अटल ब्यौहार, रतिराम आदिवासी,जनपद सदस्य शैलेन्द्र पौराणिक, उपसरपंच रिंकू मिश्रा सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने विजेता और उपविजेता टीम को पुरस्कृत किया। देवरी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवरों में 6 विकेट खोकर 262 रनों के स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी अतरसूमा की टीम ने 16वें ओवर में ही 156 रनों में सिमट गई। इस मौके पर सत्य नारायण पाण्डेय,नरेंद्र उपाध्याय,अनंतराम गर्ग,अंकित झारिया,प्रमोद असाटी,आकाश दुबे, अभिलाष दुबे,प्रशांत मिश्रा,सतीश चौरसिया,सुशील मिश्रा,भारत झारिया,मनीष पटेल सहित बड़ी संख्या में खेलप्रेमी दर्शकों की उपस्थिति रही।

## हिंदू समाज में एकजुटता बेहद जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विजयराघवगढ़




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष समारोह के अंतर्गत प्रायोजित विशाल हिन्दू सम्मेलन विजयराघवगढ़ नगर में सामाजिक समरसता की प्रतीक 'माता शबरी' की जयंती पर स्वामी इंदिरारमण महाराज जियर मठ पुरी उड़ीसा की उपस्थिति में द्वारिका प्रसाद महाविद्यालय में संपन्न हुआ।

इस दौरान महाराज का सानिध्य एवं आशीर्वचन भी प्राप्त हुआ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आह्वान पर समाज, संस्कृति, पर्यावरण और राष्ट्र निर्माण से जुड़े विषयों पर विचार मंथन हुआ। सम्मेलन का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित कर समरस, स्वाभिमानी और कर्तव्यनिष्ठ भारत के निर्माण की दिशा में प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम में विजयराघवगढ़ नगर सहित आसपास गांवों से बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्गों के साथ ही मातृशक्तियों की सहभागिता रही।

मुख्य वक्ता संघ के कार्यवाहक संजय त्रिपाठी संघ प्रमुख ने अपने उद्बोधन में कहा कि विश्व शांति और मानव कल्याण के लिए हिंदू समाज का एकजुट रहना आज नितांत आवश्यक है। उन्होंने भविष्य के भारत के निर्माण के लिए पंच परिवर्तन को आधार बनाकर कार्य करने का आह्वान भी किया। इस दौरान उन्होंने भारत को आध्यात्मिक एवं शांति प्रतीक मानते हुए कहा कि भारत सदियों से ही आध्यात्मिकता का एक केंद्र रहा है चाहे वह त्रेता युग द्वापर युग या कलयुग हो सभी युगों में पूरे विश्व की दृष्टि से भारत अध्यात्म और शांति का केंद्र रहा है।

कार्यक्रम में सर्व प्रथम भागवत आचार्य अतुल कृष्ण शास्त्री द्वारा मंत्रोपचार के साथ मां भारती की पूजा अर्चना की गई।

### कृषि विभाग का रथ गांव गांव घूमकर किसानों को दे रहा मार्गदर्शन

## किसानों को दी आधुनिक खेती की सीख, जमीन की गहरी जुताई के बताये फायदे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कृषक कल्याण वर्ष 2026 समृद्ध किसान समृद्ध मध्यप्रदेश के तहत कलेक्टर आशीष तिवारी के मार्गदर्शन में एवं उप संचालक कृषि श्रीमती अरूणिमा सेन के नेतृत्व में कृषि विभाग का रथ गाँव-गाँव में लगातार घूम कर कृषकों का मार्गदर्शन कर रहा है। विकासखंड कटनी के ग्राम पूंछी और बिस्तारा में कृषि अभियांत्रिकी विभाग के उपयंत्री संदीप पीपड़ा ने किसानों को खेती में गहरी जुताई के महत्व के बारे में विस्तार से बताते हुये जानकारी दी कि खेत में ट्रेक्टर व हार्वेस्टर चलने से तथा रासायनिक खाद के डालने से जमीन बहुत अधिक कठोर होती जा रही है। इससे



जब हम गहरी जुताई करते हैं तो कृषि यंत्र प्लाऊ की सब्बल जमीन में 8 से 10 इंच गहरी घुस कर मिटटी को अलट पलट देती है इससे मिट्टी के अंदर जो हानिकारक जीवाणु है वह ऊपर आ जाते है। जैसे दीमक, इल्ली व उनके अण्डे आदि वह तेज धूप लगने से मर जाते है। खेत में जो खरपतवार व घास आदि लगी होती है मिटटी पलटने से व ऊपर आ जाती है और तेज धूप में वह पूरी तरह से सूख कर मिटटी में मिल जाती है। जो खाद के रूप में परिवर्तित हो जाती है। तथा मिटटी के पलटने से मिटटी का नवीनीकरण हो जाता है इससे मिट्टी अधिक उपजाऊ होती है। साथ ही जब बारिश होती है तो पानी जमीन के अन्दर परकुलेट होता है या पानी का जमीन के अंदर रिसाव होता है। इससे जमीन में पानी का स्तर ऊपर आता है। गहरी जुताई का सही समय अप्रैल व मई माह में होता है। तथा जुताई के बाद कम से कम 15 से 20 दिन की तेज धूप लगना आवश्यक होता है।

उपयंत्री श्री पीपड़ा द्वारा यह भी बताया गया कि यदि खेत में ढलान हो तो गहरी जुताई ढलान के विपरीत करना चाहिए ताकि बारिश में जब पानी गिरे तो मिट्टी का क्षरण न हो व खेत का पानी खेत में रहकर जमीन के अंदर रिसाव हो, क्योंकि यदि ढलान की दिशा में गहरी जुताई की गई तो बारिश का पानी व मिट्टी आपके खेत से बहकर दूसरे खेत में चला जायेगा।

उपयंत्री श्री पीपड़ा द्वारा यह भी बताया गया की गहरी जुताई प्रत्येक वर्ष करने की जरूरत नहीं है। प्रत्येक वर्ष गहरी जुताई करना स्वयं को आर्थिक क्षति पहुँचाना है। इसे कम से कम 3 से 5 वर्ष के अंतराल में करना चाहिए। इसके अलावा किसानों को अन्य यंत्रों की जानकारी के साथ विभाग की योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

### बहोरीबंद में आयोजित सम्मेलन में सरपंचों सहित जनप्रतिनिधियों को दिया संदेश

## जीरामजी योजना से गाँव, किसान एवं मजदूर तीनो होंगे सशक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा बहोरीबंद में जीरामजी योजना पर आयोजित विकासखंड सम्मेलन मै शामिल हुए। सम्मेलन में पंच, सरपंच, जनपद सदस्य सहित पार्टी कार्यकर्ता शामिल हुए। भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक सोनी, विधायक प्रणय पांडेय, जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, एसडीएम राकेश चौरसिया उपस्थित रहे।

सांसद शर्मा ने कहा कि जी राम जी योजना ग्रामीण भारत के आर्थिक पुनरुत्थान की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी पहल है। यह योजना न केवल ग्रामीण मजदूरों की आय सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि किसानों पर अतिरिक्त बोझ डाले बिना रोजगार, उत्पादन और विकास के बीच संतुलन स्थापित करेगी। जी राम जी योजना के तहत ग्रामीण परिवारों को अब प्रति वित्तीय वर्ष 125 दिनों तक वैधानिक रोजगार की गारंटी मिलेगी। यह अधिकार ग्राम सभा और पंचायतों के माध्यम से संचालित होगा, जिससे विकेन्द्रीकृत, सहभागी और पारदर्शी शासन व्यवस्था को बल मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह योजना केवल रोजगार देने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे ग्रामीण विकास के एकीकृत मॉडल के रूप में लागू किया जा रहा है जिसमें सशक्तिकरण, समावेशी विकास, कन्वर्जेंस और सेचूरेशन जैसे सिद्धांत शामिल हैं। बुवाई और कटाई जैसे कृषि के चरम समय में श्रमिकों की उपलब्धता बनाए रखने हेतु राज्यों को 60 दिनों की समेकित विराम अवधि अधिसूचित करने का अधिकार दिया गया है।

श्री शर्मा ने स्पष्ट किया कि इसके बावजूद मजदूरों के 125 दिनों के रोजगार अधिकार में कोई कटौती नहीं होगी, जिससे कृषि उत्पादकता और श्रमिक हित दोनों सुरक्षित रहेंगे।समय पर भुगतान, पारदर्शिता और डिजिटल निगरानीयोजना के अंतर्गत मजदूरी का भुगतान साप्ताहिक अथवा अधिकतम 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से किया जाएगा। सभी कार्य ग्राम पंचायत विकास योजनाओं के तहत ग्राम सभा की स्वीकृति से होंगे और पीएम गति शक्ति सहित राष्ट्रीय डिजिटल प्लेटफॉर्म से जुड़े रहेंगे, जिससे भ्रष्टाचार की कोई गुंजाइश न रहे। जी राम जी योजना के तहत जल संरक्षण, ग्रामीण अवसंरचना, आजीविका संवर्धन और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने वाले कार्यों में रोजगार सृजन किया जाएगा। इससे स्थायी परिसंपत्तियों का निर्माण होगा और गांव आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ेंगे।

सांसद वी डी शर्मा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भ्रम और दुष्प्रचार फैलाना कांग्रेस की पुरानी राजनीति रही है। उन्होंने कहा कि योजना पूरी तरह स्पष्ट है जिसमें 60% राशि केंद्र और 40% राज्य सरकार वहन करेगी, और मजदूरी महंगाई के अनुरूप स्वतः बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शासन में योजनाएं केवल नाम और प्रचार तक सीमित थीं, जबकि भाजपा सरकार योजनाओं के वास्तविक लाभ को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। यही कारण है कि योजना के नाम को लेकर अनावश्यक भ्रम फैलाया जा रहा है। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष सतीश नायक, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश गर्ग, दीपू शुक्ला मौजूद रहे।



## श्रीराम महायज्ञ में पहुँचे संत बनवारी दास, श्रद्धालुओं ने लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उमरियापान

उमरियापान स्थित बावली हनुमान मंदिर में चल रहे श्रीराम महायज्ञ के अवसर पर भरभरा आश्रम से संत बनवारी दास महाराज का आगमन हुआ। महाराज के आगमन से श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर संत महाराज के दर्शन किए तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे परिसर में जय श्रीराम के जयघोष गूंजते रहे। संत बनवारी दास महाराज ने अपने आशीर्वचन में श्रीराम नाम की महिमा का वर्णन करते हुए धर्म, भक्ति एवं सदाचार के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

आयोजकों ने बताया कि श्रीराम महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, प्रवचन एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। यज्ञ में अलग अलग दुकानें, बच्चों के मनोरंजन के लिए झूले भी लगे हैं। यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### साइबर सुरक्षा और एआई पर विशेष जागरूकता व्याख्यान कल

**कटनी।** विद्यार्थियो को सुरक्षित एवं जिम्मेदार इंटरनेट उपयोग, साइबर हाइजीन तथा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विवेकपूर्ण उपयोग के संबंध में जागरूक करने हेतु कलेक्टार आशीष तिवारी के निर्देश पर इंटरनेट सेफर डे के अवसर पर शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज कटनी में मंगलवार 10 फरवरी को प्रातः 10 बजे से एनआईसी कटनी द्वारा जागरूकता व्याआख्यारन आयोजित किया गया है। कलेक्टर श्री तिवारी ने पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्राचार्य को कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आवश्याक व्यवस्थाव जैसे सभागार, विद्यार्थियों की उपस्थिति, तकनीकी सुविधायें एवं आवश्यटक समन्वाय सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिये हैं। इंटरनेट सेफर डे प्रतिवर्ष वर्ष 10 फरवरी को मनाया जाता है। इस वर्ष यह कार्यक्रम ₹स्मार्ट टेक, सेफ च्वा इसेस- एक्सकप्लोनरिंग द सेफ एण्डव रिस्पोरन्सिबल यूज ऑफ एआई ₹ की थीम पर केन्द्रित होगा।

### सहकारिता उद्योग समिति की बैठक 13 फरवरी को

**कटनी।** जिला पंचायत कटनी की सहकारिता उद्योग समिति की बैठक शुक्रवार 13 फरवरी को दोपहर 12 बजे से जिला पंचायत सभागार में आयोजित की गई है। बैठक के दौरान खरीफ उपार्जन 2025-26, रबी उपार्जन 2026-27 की तैयारियों, सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं रासायनिक उर्वरकों (खाद) एवं बीजों के भंडारण और उनके वितरण की समीक्षा की जायेगी।। बैठक में समिति के सभापति एवं सदस्यट उपस्थित रहेंगे। सभी संबंधित अधिकारियों को अपने विभाग की प्रगति रिपोर्ट बैठक से तीन दिन पूर्व जिला पंचायत कार्यालय में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने निर्देश दिये गये हैं।

### ट्रेन से महिला यात्री का बैग लेकर भागा बदमाश

**कटनी।** ट्रेन में चढ़कर बदमाश एक महिला का बैग लेकर चंपत हो गया। बैग में जरूरी दस्तावेज के साथ नकदी रूपये भी रखे थे। महिला द्वारा जीआरपी में शिकायत दर्ज कराई गई है। यह घटना रीवा से भोपाल के बीच कटनी होकर चलने वाली स्पेशल ट्रेन में हुई। जानकारी के अनुसार सतना निवासी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माधवी विश्वकर्मा ने बताया कि वह शनिवार को अपनी मां और बेटी के साथ गाड़ी नम्बर 22146 रीवा भोपाल स्पेशल ट्रेन से सतना से भोपाल की यात्रा कर रही थी। ट्रेन के कटनी जंक्शन से रवाना होने के बाद ट्रेन जब कटनी साउथ रेलवे स्टेशन के आउटर से निकल रही थीं, तभी अज्ञात बदमाश ट्रेन में चढ़ा और आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के सिर के नीचे रखा पिठ्ठू बैग लेकर फरार हो गया। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की जब नींद खुली तो पिठ्ठू बैग नहीं मिला। ट्रेन के जबलपुर पहुंचने के बाद माधवी विश्वकर्मा भोपाल न जाकर जबलपुर में ही उतर गई और आकर जीआरपी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई। पिट्ठू बैग में आधार कार्ड, आयुष्मान कार्ड, एटीएम, ड्राइविंग लाइसेंस, मोबाइल, नगद 9 हजार रुपये सहित जरूरी सामान रखा हुआ था। शिकायत के आधार पर रेल पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

---

**आवागमन में राहगीरों को मिलेगी सहूलियत, सांसद ने किया निर्माण कार्य का शुभारंभ**

# 77 साल बाद ली सुध : 865 लाख रुपये से पथराड़ी पिपरिया-निपानिया केवलारी मार्ग का निर्माण प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद





करीब 8 दशक से कच्चे सड़क मार्ग से आवागमन का दंश झेल रहे बहोरीबंद विकासखंड के आदिवासी अंचल ग्राम निपानिया के बाशिंदों को अब पक्के मार्ग की सुविधा मिलेगी और आवागमन सुगम हो सकेगा। ग्राम पथराड़ी पिपरिया से निपानिया-केवलारी तक 9 किलोमीटर दूरी का मार्ग अब पक्का बन जायेगा जिसका निर्माण कार्य पीडब्ल्यूडी विभाग कराएगा। 865 लाख की लागत राशि से बनने वाले मार्ग का शुभारंभ सांसद वीडी शर्मा ने किया।

### आवागमन में होती थी फजीहत

ग्रामीणों ने बताया कि आजादी के 77 वर्षो से कच्चे मार्ग से आवागमन करना मजबूरी बना हुआ था जिस कारण वर्षा काल के समय आवागमन में सबसे अधिक परेशानी होती थी। उक्त मार्ग उबड़-खाबड ओर पथरीला था। यहाँ तक की बरसात के समय एम्बुलेंस गाँव तक नही पहुंच पाती थी जिस कारण भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। उक्त समस्या से निदान मिले इसके लिए विधायक से मांग की गईं जिस विधायक ने आश्वासन दिया कि जल्द से जल्द मार्ग का निर्माण कार्य कराया जायेगा।

विधायक प्रणय पांडेय ने उक्त मार्ग का पक्का निर्माण हो इसके लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री राकेश सिंह से भेंटकर मांग पत्र सौपा। विधायक की मांग पर उक्त मार्ग का निर्माण अनुपूरक बजट में शामिल करते स्वीकृति प्रदान की गईं। उक्त मार्ग का भूमिपूजन मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के द्वारा वर्चुअल कर दिया गया था जिसके बाद शनिवार को सड़क निर्माण कार्य की शुरुआत सांसद वी डी शर्मा के द्वारा की गईं। विधायक प्रणय पांडेय ने कहा कि विकासखण्ड के ऐसे मार्ग जो कच्चे है आवागमन मैं परेशानियों का सामना राहगीरों को करना पड़ता है। उन कच्चे मार्गो को पक्के मार्ग में परिवर्तन करने का क्रम जारी है। आदिवासी वेशभूषा में नजर आये सांसद व विधायक-समारोह कार्यक्रम आदिवासी अंचल ग्राम निपानिया जब सांसद वी डी शर्मा पहुंचें तो स्थानीय आदिवासी लोगों ने सांसद वी डी शर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी व विधायक प्रणय पांडेय को आदिवासी वेशभूषा पहनाकर भव्य स्वागत किया। पूरे कार्यक्रम में सांसद व विधायक आदिवासी वेशभूषा मे नजर आये।

### योजनाओं की दी जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद वी डी शर्मा ने आदिवासी समाज के उत्थान के लिए चलाई जा रही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के बारे में बताया। साथ ही कहा कि आदिवासी समाज के उत्थान के लिए भाजपा सरकार हमेशा ही दृढ संकल्पित है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष सुनीता मेहरा, भाजपा जिला मंत्री कमलेश सेन,राजेश चौधरी, एसडीएम राकेश चौरसिया, जनपद सीईओ अभिषेक कुमार, एसडीओ आर के बत्रा, भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेश ब्यौहार, मुकेश गर्ग सहित जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जनों की उपस्थिति रही।

---



# मत्स्य पालन कर मैकेनिकल इंजीनियर बना सफल उद्यमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरही

विकासखंड कटनी के ग्राम खिरेहनी (झलवारा) के रहने वाले सुधीर चंद्राकर ने मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद नौकरी के पीछे भागने के बजाय मछली पालन कर सफलता की नई इबारत लिख दी है। 37 वर्षीय सुधीर चंद्राकर हमेशा से कृषि क्षेत्र में कुछ नया और विशेष करना चाहते थे। उन्होंने मछली पालन को एक आधुनिक व्यवसाय के रूप में देखा और मत्स्योद्योग विभाग, कटनी से संपर्क किया। विभाग के मार्गदर्शन में उन्हें प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना की जानकारी मिली, जो उनके लिए टर्निंग पॉइंट साबित हुई।

सुधीर ने योजनांतर्गत वर्ष 2023-24 में अपनी 0.10 हेक्टेयर भूमि पर बायोफ्लोक तकनीक से तालाब का निर्माण किया और 'पंगेशियस' मछली का पालन शुरू किया। पहली यूनिट से ही उन्होंने लगभग 2500 किलोग्राम मछली का उत्पादन किया। इससे उन्हें 2.50 लाख रुपये की कुल आय हुई, जिसमें से 1.50 लाख रुपये का शुद्ध मुनाफा सीधे उनके हाथ में आया।

पहली यूनिट की सफलता से उत्साहित होकर सुधीर ने वर्ष 2024-25 में एक और यूनिट की शुरुआत की। अब उनके पास कुल 2 यूनिट हैं। इससे वे सालाना लगभग 10 मीट्रिक टन मछली उत्पादन कर रहे हैं, जिससे उन्हें लगभग 8.40 लाख रुपये की शुद्ध वार्षिक आय हो रही है। सुधीर बताते हैं कि परंपरागत खेती की तुलना में मछली पालन व्यवसाय में कम जोखिम और अधिक आय है। प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना ने मुझे आत्मनिर्भर बनाया। आज मैं अपनी जमीन पर न केवल खुद अच्छी आय कमा रहा हूँ, बल्कि स्थानीय मछुआरों को तालाब से ही मछली विक्रय और लेबर के रूप में रोजगार के नए अवसर भी दे रहा हूँ।

---

**ई टोकन से उर्वरक वितरण की नई प्रणाली से कराया अवगत**

# किसानों को फसलों में संतुलित उर्वरक, नवीन तकनीकों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत कटनी जिले के सभी 6 विकासखण्ड के गांवों में निरंतर कृषि रथ के माध्यम से कृषि विशेषज्ञों के साथ कृषि एवं सम्बद्ध विभागों के अधिकारियों द्वारा प्रति दिन किसानों को जानकारी दी जा रही है। अधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों का भ्रमण कर किसानों से सम्पर्क स्थापित किया जा रहा है।

किसानों को उनकी जिज्ञासाओं एवं समस्याओं का निराकरण करने के साथ ही कृषि एवं संबंद्ध विषयों पर नवीन एवं वैज्ञानिक तकनीक की जानकारी दी जा रही है। जिन किसान भाइयों के पास सिंचाई के पर्याप्त साधन हैं उन्हें जायद के मौसम में तिलहनी फसलों की बुवाई करने की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है, साथ ही किसानों को कृषि रथ के माध्यम से किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया जा रहा है। उन्हें मृदा स्वास्थ्य कार्ड में अंकित अनुशंसा अनुसार संतुलित उर्वरक का उपयोग करने की सलाह दी जा रही है।

किसानों को प्राकृतिक खेती, नरवाई प्रबंधन, फसल बीमा तथा शासन द्वारा उर्वरक वितरण की नवीन वितरण प्रणाली अंतर्गत ई-टोकन के माध्यम से पारदर्शी तरीके से उर्वरक वितरण व्यवस्था की जानकारी से अवगत कराया जा रहा है। अब उनके रकबे के आधार पर उर्वरक उपलब्धता की जाएगी, किसानों को उर्वरक लेने के लिए अब लम्बी लाइनों में नहीं लगना पड़ेगा, उनके पंजीकृत मोबाईल फोन पर खाद के उपलब्धता की जानकारी प्राप्त हो जायेगी।

कृषि विशेषज्ञों द्वारा किसानों जायद मौसम की फसलों की जानकारी के साथ ही सूक्ष्म सिंचाई यंत्रो जैसे ड्रीप, स्प्रिंकलर आदि के उपयोग के बारे में विस्तार से जानकारी दी जा रही है। कृषि रथ के माध्यम से किसानों को शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के साथ ही उद्यानिकी फसलों तथा पशु पालन विभाग अंतर्गत दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने की जानकारी भी दी जा रही है ताकि किसानों की आय में वृद्धि की जा सके। कृषि रथ द्वारा कृषकों को प्राकृतिक और जैविक खेती का महत्व भी बताया जा रहा है।

---

### तिलक कॉलेज में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित



प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ़ एक्सीलेंस शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर के अंतर्गत तृतीय दिवस को नि :शुल्क स्वास्थ्य एवं जागरूकता शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम चरण में मानव जीवन विकास समिति एवं राहत समर्पण सेवा समिति के संयुक्त तत्वावधान में ममता आई केयर क्लिनिक नि :शुल्क नेत्र जाँच शिविर आयोजित किया गया जिसमें 112 एनएसएस स्वयंसेवकों की नेत्र जाँच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। शिविर का उद्देश्य युवाओं के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना एवं समय रहते नेत्र रोगों की पहचान करना रहा। द्वितीय चरण में महिला एवं बाल विकास विभाग तथा भारत विकास परिषद के प्रांतीय संरक्षक एवं चाइल्ड वेलफेयर मास्टर ट्रेनर राकेश अग्रवाल द्वारा पॉक्सो एक्ट के अंतर्गत बाल सुरक्षा अधिकारों एवं कानूनी प्रावधानों पर विस्तार से जानकारी दी गई। उन्होंने स्वयंसेवकों को समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

---

# हिंदू सम्मेलन में समाज में एकता और भाईचारा बढ़ने का दिया गया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलौड़ी



सिलौंडी के बाल हायर सेकंडरी खेल मैदान में विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन हुआ जिसमें संत बनवारी दास गोविंद सरकार भरभरा वाले महाराज का पावन सानिध्य मिला। संतश्री के आशीर्वचन से हम लोग को आपस में एकता प्रेम स्नेह और भाईचारा का संदेश मिला जिसमें अनेकों प्रकार के धार्मिक सांस्कृतिक राष्ट्रीय कार्यक्रम हुए।

मुख्य वक्ता तुलाराम प्रांत संगठन मंत्री किसान संघ भाईसाहब का बौद्धिक जन मानस में प्रेणना और चेतना का श्रोत बना जिसमें हिंदू एकता और सामाजिक समरसता बनाए रखने को प्रोत्साहित किया गया। मातृशक्ति ब्रह्माकुमारी बहन पूजा इस विराट हिन्दू सम्मेलन में अपने शब्दों द्वारा भाई एवं बहनों में भविष्य के प्रति चेतना जगाने और आगे बढ़ने पर जोर दिया गया। मुख्य अतिथि कमलेश राय रिटायर्ड फौजी का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ।

कार्यक्रम के संयोजक गणेश राय सह संयोजक मोती हल्दकार ,डॉक्टर प्रशांत राय ,इंद्रकुमार यादव , मंडल अध्यक्ष मनीष बागरी ,जिला पंचायत सदस्य कविता पंकज राय, सुरेश राय ,किशन राय सरपंच पंचों संतोष कुमार उपसरपंच राहुल राय , सरपंच कैलाश चंद्र जैन ,सरपंच अनिल बागरी ,सरपंच साकेत लोनी अनिल पांडे ,विपिन राजपूत ,सौरभ दुबे भी शामिल रहे। मंच व्यवस्था प्रमुख बज्रेश कुमार वं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग मिला जिससे कार्यक्रम भव्य रूप में से सम्पन्न हुआ।

---

**बड़े के साथ अब छोटे दुकानदार भी ले रहे क्यू आर से रूपये**

# डिजिटल पेमेंट का चलन बढ़ा, बैंकों मैं कम हुआ छोटी राशि जमा करने वालों का दवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



डिजिटल इंडिया को बढ़ावा देते हुए यूपीआइ से रुपए ट्रांसफर करने का प्रचलन तेजी से बढ़ रहा है। छोटी-छोटी दुकानों में भी अब क्यूआर कोड नजर आने लगे हैं। इस सुविधा से जहां समय की बचत हो रही है। वहीं, चिल्लर का झंझट भी समाप्त हो गया है। अब अधिकांश दुकानों में क्यूआर कोड से ही भुगतान किया जा रहा है। डिजिटल पेमेंट की सुविधा से जहां एक ओर एटीएम में भीड़ कम हुई है। वहीं, बैंकों में भी दबाव कम हो गया है। 90 प्रतिशत युवा इस सुविधा को अपना रहे हैं, साथ ही सीनियर सिटीजन भी इसे सीख रहे हैं।

बैंकों ने भी ग्राहकों की सुविधा के लिए अपने एप्लीकेशन लांच कर दिया है, जिसमें मोबाइल में ही ग्राहकों को मिनी स्टेटमेंट, रुपए ट्रांसफर के साथ ही बिना एटीएम कार्ड के रुपए निकालने की सुविधा मिल रही है।इससे एक ओर ग्राहकों के समय में बचत हो रही है। वहीं, लंबी दूरी की यात्रा में लोगों को कैश रखने की झंझट से मुक्ति मिल गई है। बस की टिकट, हवाई टिकट, ऑटो रिक्शा भाड़ा से लेकर चाय, सब्जी व अन्य छोटी-छोटी जरूरतों के सामानों की खरीदी पर दुकानों में क्यूआर कोड चस्पा हैं, जहां ग्राहक आसानी से रुपए ट्रांसफर कर लेनदेन कर रहे हैं।

### बैंकों में दबाव हुआ कम

बीते दो साल पहले तक जहां बैंकों में लंबी कतार देखने को मिलती थी लोग अपनी बारी जल्दी आने के लिए एक दूसरे से विवाद तक कर लेते थे। वहीं, अब डिजिटिल पेमेंट की सुविधा से लोग घर बैठे ट्रांजेक्शन कर रहे हैं। इससे बैंकों में दबाव कम हुआ है। बैंकों में अब सीनियर सिटिजन व पेंशनर्स पहुंच रहे है। बैंक भी ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचने के लिए समय-समय पर ग्राहकों को जागरूक कर रही है। बैंकों में जहां ग्राहकों का दबाव कम हुआ, तो दूसरी ओर पासबुक की इंट्री में इजाफा हो गया है। पासबुक की इंट्री कराने के लिए लोग महीनों बैंक नहीं जाते और डिजिटिल पेमेंट से काम चलाते है।

स्लीमनाबाद सब्जी व्यापारी बेटू मौर्य का कहना है कि डिजिटल पेमेंट से समय की बचत होती है। ग्राहक सीधे अकाउंट में रुपए ट्रांसफर कर देते हैं। जिससे खुल्ले रुपयों की झंझट खत्म हो गई है। वहीं, व्यापारियों को भी ऑनलाइन भुगतान कर दिया जाता है।वही किराना व्यापारी नीशु जैन ने कहा कि एक वर्ष से डिजिटल पेमेंट के माध्यम से भुगतान ले रहे हैं।घर से पर्स लेकर न आने पर भी लोग मोबाइल के माध्यम से रुपए ट्रांसफर कर देते हैं। इस सुविधा के चलते अब पहले से ज्यादा बिक्री हो रही है।

---

**महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह**

# वार्षिकोत्सव में खेल प्रतिभाओं, मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बड़वारा



शासकीय महाविद्यालय बड़वारा में प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह के मार्गदर्शन एवं वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गौरवमय आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में बड़वारा विधानसभा के विधायक धीरेंद्र बहादुर सिंह ने अपनी शुभकामनाएँ प्रेषित कीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता विशिष्ट अतिथि व सांसद प्रतिनिधि पद्मेश गौतम ने की। साथ ही सोनेलाल साहू, अनुराग गुप्ता, विनय नागवंशी, निर्भय सिंह, जनभागीदारी समिति सदस्यों एवं अन्य सामाजिक कार्यकर्ताओं, थाना प्रभारी बड़वारा के के पटेल, की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पद्मेश गौतम ने युवाओं से अपनी जड़ों से जुड़े रहने और एकाग्रता के साथ अध्ययन करने का आह्वान किया।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक संस्कृति की झांकी देखने को मिली। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से क्षेत्रीय लोक कलाओं और भारतीय संस्कारों का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में 'महिला-सशक्तिकरण' के विचार को भी प्रमुखता से रखा गया जो विभिन्न विधाओं के माध्यम से स्पष्ट रूप से परिलक्षित हुआ। सामाजिक मुद्दों, नशामुक्ति, कॉलेज लाइफ, लोक नृत्य, पंजाबी नृत्य, शास्त्रीय नृत्य, देशभक्ति पर आधारित एक्ट, एकल व युगल गायन आदि की प्रस्तुति छात्र-छात्राओं के द्वारा की गई जिसे अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। इन कार्यक्रमों को तैयार कराने में महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति के सदस्यों श्रीमति तोषी पटेल, डॉ. योगिता अरजरिया, डॉ. कल्पना सतनामी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुरस्कार वितरण समारोह का मुख्य आकर्षण महाविद्यालय की वे प्रतिभाएं रहीं जिन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में महाविद्यालय का गौरव बढ़ाया है। समारोह में खेल के मैदान में महाविद्यालय की प्रतिभाओं की चमक विशेष रूप से दिखाई दी, जिन्हें उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। महाविद्यालय के खिलाड़ियों ने विभिन्न खेलों में न केवल महाविद्यालय स्तर पर बल्कि जिला, संभाग, राज्य व राष्ट्रीय/ अन्तर-विश्वविद्यालय स्तर पर भी महाविद्यालय एवं क्षेत्र का नाम रौशन किया है। साथ ही शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए मेधावी छात्र-छात्राओं जिन्होंने कक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया, युवा उत्सव कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित प्रतियोगिता के विजेताओं और वर्ष भर विभिन्न अवसरों पर आयोजित की गई गतिविधियों, भारतीय ज्ञान परंपरा के अंतर्गत आयोजित की गई प्रतियोगिताओं के विजेताओं, साथ ही कॉलेज में विगत माह आयोजित 'युवा तरंग' अंतर्गत प्रतियोगिता के विजेताओं को नृत्य, गायन, रंगोली, मूर्तिकला, हस्तलेखन और स्वरचित कविता पाठ जैसी विधाओं के लिए पुरस्कृत किया गया। महाविद्यालय के अनुशासन में सहयोग देने वाले कॉलेज कैप्टन्स को उनकी उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। इसके अलावा महाविद्यालय के विकास में योगदान देने वाले दानदाताओं को 'आभार पत्र' भेंट कर उनकी सामाजिक सहभागिता की सराहना की गई। वार्षिकोत्सव के सफल आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ. एल. के. सिंह के मार्गदर्शन एवं वार्षिकोत्सव प्रभारी डॉ. आदित्य गढ़ेवाल, क्रीड़ा अधिकारी के नेतृत्व में किया गया। मंच संचालन श्रीमती तोषी पटेल एवं डॉ. कल्पना सतनामी ने किया। पूजन एवं प्रेस व्यवस्था डॉ. दिव्या यादव ने संभाली। स्वागत एवं मंचीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों की व्यवस्था डॉ. योगिता अरजरिया ने संभाली। डॉ. मुकेश झारिया एवं डॉ. रामनरेश वर्मा ने पुरस्कार वितरण की जिम्मेदारी संभाली। स्वल्पाहार एवं जलपान की व्यवस्था डॉ. सुजीत सिंह, डॉ. रचना पाण्डेय एवं डॉ. विमला कुमारी ने देखी। प्रमाण पत्र तैयार करने का कार्य डॉ. ब्रजेश पाण्डेय के द्वारा किया गया। श्री सुशील चंद्र दुबे एवं रामकिशोर आर्य ने छात्रों के द्वारा अनुशासन बनाए रखने का कार्य किया। कार्यक्रम के सफल समापन पर डॉ. सुजीत सिंह द्वारा सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया। साथ ही कार्यक्रम की अन्य व्यवस्थाओं में रविन्द्र महोबिया एवं संजय बर्मन ने भी आवश्यक सहयोग प्रदान किया.।

---

# अवकाश के दिन भी खुले रहे नगर निगम के कैश काउंटर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर नागरिकों को निगम के बकाया करों को आसानी से जमा करने की सुविधा के मद्देनजर रविवार 8 फरवरी को अवकाश के दिन भी नगर निगम का कक्ष क्रमांक 37, कैश काउंटर प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहा। इसके अलावा शहरी क्षेत्र के तीन स्थलों में विशेष शिविर का आयोजन भी किया जाकर नागरिकों को बकाया कर जमा करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

निगमायुक्त सुश्री तपस्या परिहार के निर्देश पर करदाताओं की सुविधा को प्राथमिकता देते हुएशहर के तीन स्थलों इंदिरा नगर चौराहा, मंगल नगर गेट के पास सहित रोशन नगर परोहा मार्केट के पास विशेष राजस्व वसूली शिविरों का आयोजन किया गया है। नागरिक गण इन शिविरों में पहुंचकर निगम के सभी प्रकार के बकाया कर आसानी से जमा कर सकते हैं। इन शिविरों का उद्देश्य करदाताओं को उनके ही क्षेत्र में सरल, सुरक्षित और त्वरित भुगतान व्यवस्था उपलब्ध कराना है। शहरवासियों से अपीलनिगमायुक्त ने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में निगम कार्यालय तथा शिविरों में पहुंचकर बकाया करों का भुगतान करते हुए रसीद प्राप्त करें और शहर के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।

राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि करदाताओं की सुविधा का ख्याल रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा अवकाश के दिनों में निगम कार्यालय का कैश काउंटर सहित वार्डों में विशेष शिविर आयोजित करने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है।

**खास बातें**

## रिंग रोड सड़क के पहले जमीन खरीदी का दौर चल रहा

**पथरिया।** विधानसभा क्षेत्र में रिंग रोड की घोषणा होने के बाद कहा से कैसे बनना है यह तो अभी किलियर नही पता चल रहा है लेकिन जिनको जानकारी मिल गई है वह जरूर आसपास की जमीन खरीदी कर रहे हैं जिससे चर्चा का विषय बना हुआ है कि आखिर कहां से रिंग रोड बनेगा यह सर्वे के बाद पता चलेगा सड़क कही से कही जा रही है पर राजनैतिक लोगों को सब जानकारी मिल गई है जिससे वह सब इतने दिनों में अपनी अपनी तैयारी करने में लग गए हैं। वैसे 2018 में भी वायपास स्वीकृत होने की चर्चा रही लेकिन फिर क्यों नही बन पाया यह नही पता लेकिन अब मुख्यमंत्री की अजबधाम में घोषणा होने से उम्मीद है यह रिंग रोड बनेगा कब तक यह तो नहीं पता पर उम्मीद के हिसाब से जमीन खरीदी चल रही है जिससे अलग अलग आंकलन लग रहें हैं कोई कहीं से तो कोई कहीं से बनने की बात कर रहा है।

### आरोपी को छुड़ाकर ले गए परिजन, पुलिस ने किया मामला दर्ज

# गौ वंश तस्करी के फरार आरोपी को पकड़ने गई पुलिस टीम पर हमला

### सात आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में किया पेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा



अनुविभाग हटा के रजपुरा थाना अंतर्गत गौवंश तस्करी मामले में फरार आरोपी को पकड़ने गई रजपुरा पुलिस टीम पर आरोपी के परिजनों और ग्रामीणों ने हमला कर आरोपी को पुलिस से छुड़ा ले गये। जिसके बाद पुलिस ने 16 लोगों पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर 7 आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है वही अन्य आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

दरअसल गुरुवार रात थाना क्षेत्र के हरदुटोला गांव में घटना घटित हुई थी जोकि पूरा जंगली इलाका है यहां बंजारा समाज के लोग अधिक संख्या में रहते हैं जिन पर पशु तस्करी के कई आप पहले लग चुके हैं।

विगत दो दिन तक पुलिस इस मामले की जांच करती रही और रविवार को पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी के द्वारा मामले में जानकारी दी है। एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया पशु तस्करी के आरोपी जैसा बंजारा पिता भामा बंजारा को पकड़ने के लिए रजपुरा पुलिस पहुंची थी। आरोपी को पकड़ने के दौरान प्रेमा बंजारा और महिलाओं ने पुलिस से विवाद किया और झूमाझपटी कर पीछे से लाठियों और ईट पत्थरो से हमला कर दिया इसी बीच आरोपी मौके से भाग निकला। रजपुरा थाना पुलिस ने आरोपी जेसा बंजारा सहित एक दर्जन से अधिक नामजद और अज्ञात लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा, एससी एसटी एक्ट,बलवा सहित बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया है। मामले को गंभीरता से देखते हुए पथरिया एसडीओपी प्रिया सिंधी के नेतृत्व में कई थानों के पुलिस बल लगातार रजपुरा क्षेत्र में आरोपियों की तलाशी में जुटा हुआ है रविवार को भी गांव में दबिश दी गई है।

एसडीओपी प्रिया सिंधी ने बताया की वीडियो फुटेज के आधार पर जितने लोग भी शामिल हैं उन सभी को उठाया जा रहा है। मामले में अभी तक लाली पति आशा बंजारा,लाली पति जैसा बंजारा,आशा पति मोहन बंजारा, ऊदा पिता लाला बंजारा,जैसा पिता कन्ना बंजारा,पप्पू पिता कन्ना बंजारा,मोनी पिता ऊदा बंजारा को रजपुरा पुलिस ने गिरफ्तार कर हटा न्यायालय में पेश किया है। वही अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस लगातार ताबिश दे रही है।

# केंद्रीय बजट में 2047 तक विकसित भारत का रोडमैप स्पष्ट : सांसद राहुल सिंह लोधी

### व्यापारी एवं प्रबुद्धजनों से संवाद में बोले सांसदः यह बजट सर्वसमावेशी विकास की मजबूत नींव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह




प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व और विकसित भारत के संकल्प का स्पष्ट प्रतिबिंब इस वर्ष के केंद्रीय बजट में देखने को मिल रहा है। यह बात दमोह लोकसभा सांसद राहुल सिंह लोधी ने कही। वे स्थानीय टाउन हॉल में केंद्रीय बजट विषय पर आयोजित व्यापारी एवं प्रबुद्ध जनों के संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सांसद श्री लोधी ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की परिकल्पना इस बजट में स्पष्ट रूप से झलकती है। उन्होंने बताया कि यह भारतीय संसदीय इतिहास में पहली बार है जब 1 फरवरी को प्रस्तुत होने वाला बजट रविवार होने के बावजूद निर्धारित तिथि पर ही प्रस्तुत किया गया, जो सरकार की प्रतिबद्धता और पारदर्शिता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि इस बजट में किसान, युवा, महिला, व्यापारी, मध्यम वर्ग और गरीब वर्ग—सभी के उत्थान को ध्यान में रखते हुए योजनाएं समाहित की गई हैं। यह बजट केवल आर्थिक दस्तावेज नहीं, बल्कि देश के भविष्य की दिशा तय करने वाला विजन डॉक्यूमेंट है। अपने संबोधन में सांसद लोधी ने कहा कि वर्तमान समय की सबसे बड़ी वैश्विक चुनौती ट्रेड वॉर है, जिससे भारत मजबूती के साथ न केवल मुकाबला कर रहा है बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने हितों का प्रभावी ढंग से पक्ष भी रख रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत आज आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। सांसद लोधी ने कांग्रेस एवं विपक्षी दलों की सोच और नीतियों पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि विपक्ष के पास न तो कोई स्पष्ट दृष्टि है और न ही देश के विकास के लिए ठोस रोडमैप। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने सभी सांसदों और जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे जनता के बीच जाकर नवाचार एवं विकास के लिए सुझाव प्राप्त करें, जिनमें से व्यवहारिक और प्रभावी सुझावों को सरकार द्वारा लागू किया जाएगा। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी दमोह के जिला अध्यक्ष श्री श्याम शिवहरे ने भी संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का विजन इस बजट में पूरी तरह परिलक्षित होता है। उन्होंने बजट में किए गए प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह बजट आत्मनिर्भर भारत, रोजगार सृजन और आर्थिक सुदृढ़ता की दिशा में एक मजबूत कदम है। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकी, मध्यप्रदेश शासन के वन एवं पर्यावरण राज्य मंत्री दिलीप अहिरवार, जिला महामंत्री रामेश्वर चौधरी महेश पटेल अरूण तिवारी, उपाध्यक्ष श्री संजय सेन, राघवेंद्र सिंह परिहार मंचासीन रहे, साथ ही जिला उपाध्यक्ष संजय यादव, श्रीमती सुमन उपाध्याय, जिला मंत्री श्रीमती श्यामा उरैती ,भरत यादव, मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया रमाकांत वाजपेई महेंद्र राठौर वरिष्ठ पत्रकार नारायण सिंह, डॉ नवीन दुबे, लघु उद्योग भारती से दिलेश चौधरी, मोनू राजपूत, कैलाश शैलार, अमर सिंह डा अनिल चौधरी, नरेंद्र बजाज, जुगल अग्रवाल, अंकित जैन सहित बड़ी संख्या में व्यापारीगण, सामाजिक प्रतिनिधि एवं प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थितजनों ने बजट को लेकर अपने विचार भी साझा किए और सरकार की नीतियों का समर्थन किया।

## युवक के आत्महत्या मामले में सिमरिया पुलिस कर रही जांच : एसडीओपी

**दमोह।** पिछले वर्ष रनेह ग्राम में प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र में एक युवक के साथ नर्स के बीच विवाद का मामला सामने आया था जिसमें दोनो पक्षों पर मामला दर्ज किया गया था। घटना के करीब 6 माह बाद युवक द्धारा आत्महत्या कर ली गई जिससे आत्महत्या के कारणों को लेकर एक बडा कारण पूर्व का विवाद व कोर्ट केस की अफवाहे सोशल मीडिया पर चल रही है। इस मामले में प्रेस कांफ्रेस करते हुये जानकारी दी कि एसडीओपी प्रिया सिंधी, एसडीएम राकेश मरकाम ने बताया कि महेन्द्र सिंह लोधी ग्राम टपरियन थाना सिमरिया जिला पन्ना का निवासी है जो कि पूर्व में दिनांक 09/06/25 को किसी कार्य से प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र रनेह आया था जहां पर महेन्द्र सिंह लोधी व नर्स नीलिमा यादव के बीच विवाद हुआ था जिस पर नर्स नीलिमा यादव निवासी बालाजी वार्ड हटा हाल नि. प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र रनेह ने थाना उपस्थित आकर आरोपी महेन्द्र लोधी द्धारा गलत तरीके से घूरने, हाथ पकडने , शासकीय कार्य मे वाधा डालने , हमला करने व गंदी गंदी गालिया देकर जान से मारने की धमकी देने के संबंध मे थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी जिस पर तत्कालीन समय में थाना रनेह जिला दमोह में अपराध क्र. 54/25 धारा 74,77,132,296,351(3) बीएनएस का पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। तत्कालीन समय में उक्त दिनांक को ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ जिसमें नर्स नीलिमा यादव गंदी गंदी गालियां देकर महेन्द्र लोधी को एक बस के अंदर मारते हुए दिखाई दे रही थी जो वायरल वीडियो की जांच की गई जिस पर प्रथमदृष्टया अपराध धारा 296, 115(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया दौरान विवेचना धारा 356(2) बी.एन.एस का इजाफा किया गया एवं दोनो मामलो मे विवेचना पूर्ण होकर वर्तमान में माननीय न्यायालय में विचाराधीन है । तदोपरांत दिनांक 06.02.26 को जरिये सोशल मीडिया के जानकारी प्राप्त हुई कि पूर्व में हुये एक प्रकरण का आरोपी एवं एक प्रकरण का पीडित महेन्द्र सिंह लोधी निवासी ग्राम टपरियन थाना सिमरिया जिला पन्ना द्धारा अपने गांव मे किसी कारण से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली गयी है। उपरोक्त व्यक्ति की आत्महत्या के संबंध में सोशल मीडिया पर कुछ युवाओ के द्धारा पूर्व में जो मृतक महेन्द्र लोधी एवं नर्स नीलिमा यादव के बीच हुये विवाद को लेकर आत्महत्या करने की बात करते हुए पोस्ट शेयर की जा रही है । उक्त घटना की मर्ग कार्यवाही चौकी हरदुआ थाना सिमरिया जिला पन्ना पुलिस द्धारा की जा रही है ।

## देशी कट्टा एवं कारतूस लिए आरोपी गिरफ्तार



**दमोह।** कोतवाली पुलिस ने बारह बोर का देशी कट्टा एवं कारतूस लिए आरोपी को गिरफ्तार किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक महोदय दमोह द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को अवैध शस्त्र की धरपकड हेतु आदेशित किया गया था जो अतिo पुलिस अधीक्षक दमोह एवं नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर सूचना तंत्र मजबूत किया जिसके तारतम्य में दिनाँक 07.02.2026 को मुखबिर से सूचना के आधार पर आरोपी रमन पिता लक्ष्मीप्रसाद चौबे उम्र 22 साल निवासी सेमरा छक्का थाना थरिया हाल जटाशंकर कालोनी दमोह के कब्जे से बारह बोर का देशी कट्टा एवं जिंदा कारतूस एवं आरोपी का मोबाइल जप्त किया गया। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली के अप.क्र. 110/2026 धारा 25/27 आर्म्स एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया। सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी / कर्मचारी थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार, प्र.आर अभिषेक चौबे, प्र. आर. देवेन्द्र रैकवार, प्र.आर अजित दुबे प्र.आर महेश यादव, आर. नरेन्द्र पटैरिया, आर. ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर. आकाश पाठक का सहयोग रहा।

## अवैध परिवहन करते ट्रेक्टर जब्त




**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के निर्देशन मे खनिज विभाग द्वारा खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई लगातार जारी है। आज 07 फरवरी को लगभग 1.30 बजे पटेरा तहसील अन्तर्गत ग्राम कुण्डलपुर मे रेत का अवैध उत्खनन एवं परिवहन की जांच खनिज अमला द्वारा किया गया। उक्त ग्राम मे बिना नम्बर का महिन्द्रा ट्रेक्टर द्वारा बिना रायल्टी रेत का अवैध परिवहन किया जाना पाया गया उसे जप्त कर पुलिस थाना पटेरा मे सुरक्षार्थ सुपुर्द किया गया है। इसके अलावा उक्त दिनांक को समय लगभग रात 11 बजे समन्ना रोड न्यू दमोह से भ्रमण के दौरान मुरम का ओव्हर लोड परिवहन पाए जाने पर डंपर जप्त कर थाना कोतवाली दमोह मे सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया है। खनिज अधिकारी ने बताया उक्त प्रकरणो में गौण खनिज नियमो के तहत कारवाई प्रस्तावित की जावेगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले मे खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन और भंडारण के रोकथाम की कारवाई सतत जारी रहेगी।

## भगवान सुपार्श्वनाथ जी का मोक्ष कल्याणक मनाया

### ज्ञान चरित्र के बिना अधूरा - मुनि पदम सागर जी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह





जैन धर्म के साथ में तीर्थंकर भगवान सुपारस नाथ जी का निर्वाण कल्याणक महोत्सव सभी जैन मंदिरों में भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर श्री पारसनाथ दिगंबर जैन नन्हे मंदिर जी में विराजमान आचार्य श्री विद्यासागर जी एवं आचार्य श्री समाज सागर जी के शिष्य मुनि श्री पदम सागर जी महाराज के ससंघ के सानिध्य में मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाते हुए निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। रविवार को प्रातः बेला में श्री जी के अभिषेक शांति धारा के साथ भगवान सुपारस नाथ जी की भी शांति धारा बोलिया लगाकर भक्ति भाव के साथ की गई। तत्पश्चात मुनि श्री के सानिध्य में निर्वाण कांड के साथ मोक्ष कल्याणक मनाते हुए निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। निर्वाण लाडू समर्पित करने का सौभाग्य वंदना संजय सराफ, रूही नानू सराफ परिवार को प्राप्त हुआ। ज्ञान चरित्र के बिना अधूरा... मुनि पदम सागर जी इस अवसर पर पूज्य मुनि श्री पदम सागर जी महाराज ने मंगल उद्बोधन में कहा जिसके पास ज्ञान है किंतु चरित्र नहीं है तो ज्ञान अधूरा ही माना जाएगा श्री ज्ञान सागर जी महाराज ग्रस्त अवस्था में प्रकाड विद्वान थे पंडित भुरामल के नाम से प्रसिद्ध थे अपार ज्ञान होने के बाद भी उन्होंने चरित्र को अंगीकार किया और मुनि दीक्षा ली और आचार्य ज्ञान सागर बने आचार्य बनने के बाद उन्होंने अनेक शास्त्र लिखें आप संस्कृत पढ़ रहे हैं किंतु पढ़ने वाला विद्वान यदि शुद्ध नहीं पढ़ रहा है तो आपके उच्चारण में सदैव वही शब्द आएंगे एक बार संस्कृत का उच्चारण गलत होने से वही उच्चारण बार-बार आप का निकलता है. इसलिए जिनको अच्छा ज्ञान है उन्ही विद्वॉन से संस्कृत पढ़ना चाहिए। मुनि श्री के सानिध्य में आगामी अष्टानिका पर्व पर श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान आयोजन की रूपरेखा तय की जा रही है। वही प्रतिदिन प्रात 9 बजे से मुनि श्री के मंगल प्रवचन होते हैं। 10 बजे मुनिश्री आहार चर्या को निकलते हैं। आज मुनि श्री का पड़गाहन करके अपने चौके में ले जाकर आहार कराने का सौभाग्य श्रावक श्रेष्ठी अरविंद इटोरिया परिवार को प्राप्त हुआ।

### सांसद, राज्यमंत्री सहित जनप्रतिनिधि हुए शामिल

# भव्यता से हुआ श्रीराम गौशाला में गऊ आवास का भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

नगर के दमोह नाका स्थित श्रीराम गौशाला एवं पर्यावरण संवर्धन केंद्र में रविवार को नवीन गौ आवास निर्माण हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी उद्योग राज्यमंत्री लखन पटेल, दमोह सांसद राहुल सिंह, विधायक उमादेवी खटीक एवं वरिष्ठ साहित्यकार पंडित श्याम सुंदर दुबे मुख्य आतिथ्य में विधि-विधान के साथ पूजन अर्चन कर भव्यता के साथ संपन्न हुआ।

रविवार सुबह 11 बजे अतिथियों ने विधिविधान एवं मंत्रोच्चार के साथ भूमिपूजन कर निर्माण कार्य की आधारशिला रखी। इस अवसर पर गौमाता एवं भारत माता का पूजन भी किया गया। गौरतलब है कि श्रीराम गौशाला में यह नवीन गऊ आवास सांसद निधि एवं पशुपालन विभाग से स्वीकृत राशि के माध्यम से निर्मित किया जाएगा। निर्माण पूर्ण होने के बाद गौशाला में संरक्षित गौमाताओं को बेहतर आश्रय, सुविधा एवं संरक्षण मिल सकेगा।

कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि सरकार एवं समाज के संयुक्त प्रयास से ही गौ संरक्षण और पर्यावरण संवर्धन को मजबूती मिल सकती है। कार्यक्रम में प्रांत अध्यक्ष विहिप सुनील जी, विहिप प्रांत मंत्री उमेश मिश्रा, श्री राम गोपाल जी मंदिर महंत श्री श्याम दास जी, श्री बालाजी मंदिर महंत हरिराम दास जी, विहिप प्रांत संगठन मंत्री जितेंद्र जी, जिला संगठन मंत्री द्वारका जी,जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटेल, पूर्व विधायक पीएल तंतुवाय, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष शिवचरण पटेल, आरएसएस प्रांत सह बौद्धिक प्रमुख श्री रामलाल जी, जिला कार्यवाहक कमलेश पटेल जी, अजय खत्री, जनपद अध्यक्ष गंगाराम पटेल, भाजपा वरिष्ठ नेता बहादुर पटेल, विहिप जिला उपाध्यक्ष बबलू राय, भरत राय, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ नेमा, पवन राजपूत सहित गौसेवक एवं बड़ी संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

## करंट की चपेट में आने से किसान की मौत

**तेन्दूखेड़ा।** रविवार को तेजगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पुरा में करंट लगने से एक व्यक्ति की मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते ही तेजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर जांच-पड़ताल शुरू की गई घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान टेक सिंह उर्फ हल्लू पिता देवी सिंह लोधी उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम पुरा थाना तेजगढ़ है जहां मृतक अपने खेत में पानी की मोटर चालू करने के लिए नदी पर पहुंचा था जहां करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। तेजगढ़ थाना में पदस्थ प्रधान आरक्षक रघुराज सिंह ने बताया सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थे शव को नदी से बाहर निकलकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए तेन्दूखेड़ा स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है जहां शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर आगे की कार्रवाई व जांच की जा रही है।

## ई रिक्शा चालकों की मनमानी, क्षमता से अधिक सवारियां ढो रहे

**तेन्दूखेड़ा।** तेन्दूखेड़ा नगर की तंग गलियों सहित ग्रामीण क्षेत्रों में ई रिक्शों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है स्थिति यह है कि लगभग हर मार्ग पर ई रिक्शों की बाढ़ सी आ गई हैं लेकिन इसके साथ ही चालकों की मनमानी भी खुलकर सामने आ रही है क्षमता से कहीं अधिक सवारियां बैठाकर ई रिक्शा के चालक तेज रफ्तार में सड़कों पर दौड़ाएं जा रहे हैं जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है इसके पूर्व भी हादसे घटित हो चुके हैं हैरानी की बात यह है कि ई रिक्शा चालकों में न तो वाहन पलटने का डर दिखाई देता है और न ही दुर्घटना का आए दिन सड़कों पर ओवरलोड ई रिक्शा नजर आ रहे हैं जो दुर्घनाओं को न्यौता दे रहे हैं ई रिक्शा के चालकों द्वारा अंदर जगह न होने के बावजूद सवारियों को बाहर लटकाकर और उपर छत पर बैठाकर तेज रफ्तार में वाहन चलाते हुए दिखाई दे रहे है लेकिन इस और पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है



इन मार्गों पर सबसे अधिक ई रिक्शा थाना क्षेत्र चारों ओर ई रिक्शों की संख्या नजर आ रही है जिसमें तारादेही मार्ग झलौन मार्ग तेजगढ़ मार्ग जबलपुर मार्ग इन मार्गों पर ई रिक्शा चालक तेज रफ्तार में ई रिक्शों को दौड़ाते हैं जबकि इन मार्गों पर भारी वाहनों का दबाव बना रहता है और हादसा का खतरा सताता है इसके अलावा जामुनखेड़ा मार्ग खकरिया मार्ग इन दोनों मार्गों पर भी इनके चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से चलाते हुए नजर आते हैं जबकि पहले ही हादसे निकलकर सामने आ चुके हैं।

### कई हादसे हो चुके

स्थानीय लोगों का कहना है कि तेन्दूखेड़ा क्षेत्र के आसपास के गांवों की ओर चलने वाले कई ई-रिक्शा चालक रोजाना इसी तरह क्षमता से अधिक सवारियां ढोते हैं। इस लापरवाही के चलते पहले भी कई बार छोटे-बड़े हादसे हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद न तो चालकों में सुधार है और न ही किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई का डर।

### नाबालिग भी दौड़ा रहा ई-रिक्शा

लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि कई बार नाबालिग चालक भी ई-रिक्शा चलाते हुए दिखाई देते हैं, जो यातायात नियमों का खुला उल्लंघन है। नियमों के अनुसार चार सीटर ई-रिक्शे में तय संख्या से अधिक सवारियां बैठाना प्रतिबंधित है, लेकिन जल्दी पहुंचने की होड में चालक और सवारियां दोनों ही नियमों को ताक पर रखकर जोखिम भरा सफर करने से बाज नहीं आ रहे हैं। ई-रिक्शा चालक पर सख्त निगरानी रखी जाए

स्थानीय नागरिकों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि ई-रिक्शा चालकों पर सख्त निगरानी रखी जाए, नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की जाए और नाबालिग चालकों के खिलाफ तत्काल कदम उठाए जाएं, ताकि किसी बड़े हादसे से पहले हालात पर काबू पाया जा सके

## बालिका छात्रावास में स्वास्थ्य, शिक्षा एवं जीवन कौशल पर हुआ व्याख्यान



**जबेरा।** जिला प्रशासन एवं स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशन में बालिकाओं की जागरूकता हेतु विभिन्न विषयों पर आधारित व्याख्यान कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिसके तहत रविवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के कस्तूरबां गांधी बालिका छात्रावास जबेरा में छात्रावास अधीक्षिका श्रीमती सुलेखा अवस्थी की उपस्थिति में एंडोलसेंट प्रोग्राम फार गर्ल्स स्टूडेंट एवं करियर काउंसलिंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर मनोज कुमार जैन एवं महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती डाली दुबे द्वारा बालिकाओं को मार्गदर्शन दिया गया। इस दौरान डॉक्टर मनोज कुमार जैन ने बालिकाओं को स्वास्थ्य शिक्षा और जीवन कौशल पर व्याख्यान दिया। तो वही महिला बाल विकास विभाग से श्रीमती डाली दुबे ने संतुलित आहार, मानसिक एवं घरेलू हिंसा, दहेज प्रथा, बाल विवाह रोकने आदि पर व्याख्यान दिया। इस दौरान अतिथियों द्वारा छात्रावास का अवलोकन करते हुए साफ सफाई, व्यवस्था एवं विधिवत संचालन पर छात्रावास अधीक्षिका के कार्यों की जमकर सराहना भी की गई। इस अवसर पर समस्त छात्रावास स्टाफ एवं अनेकों छात्राओं की उपस्थिति रही।